कृष्ण पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 218 | पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
02 फरवरी 2025 रविवार

# दोपहर मेट्रो



Page-5

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम

## फिलाडेल्फिया विमान हादसे में 6 मैक्सिकन की मौत

**मेक्सिको, एजेंसी**

अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में दुर्घटनाग्रस्त हुए चिकित्सा परिवहन विमान में सवार छह मैक्सिकन नागरिकों की मौत हो गयी। मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने शनिवार को यह जानकारी दी। शीनबाम ने एक्स पर कहा, मुझे अमेरिका के फिलाडेल्फिया में शुक्रवार को हुये विमान दुर्घटना में छह मैक्सिकन लोगों की मौत पर अफसोस है। कांसुलर अधिकारी परिवारों के साथ स्थायी संपर्क में हैं। मैंने विदेश मंत्रालय से उन्हें हर तरह से समर्थन देने के लिए कहा है। मेरी एकजुटता उनके प्रियजनों और दोस्तों के साथ है। जेट रेस्क्यू एयर एंबुलेंस विमान कंपनी के मालिक ने शुक्रवार को बताया कि विमान एक मेडिकल जेट था और एक मैक्सिकन बालिका को अमेरिका में उपचार कराने के बाद वापस मैक्सिको लौट रहा था तभी यह दुर्घटना हुयी। विमान पर बीमार बालिका के साथ एक व्यक्ति और चालक दल के चार सदस्य भी सवार थे, जिनमें से सभी मैक्सिकन थे।



## केजरीवाल ने इंडिपेंडेंट आब्जर्वर नियुक्त करने आयोग को लिखी चिट्ठी

**नईदिल्ली,एजेंसी**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखकर आरोप लगाया है कि नई दिल्ली विधानसभा में आप के कई कार्यकर्ताओं पर हमला किया जा रहा है और उन्हें परेशान किया जा रहा है। केजरीवाल ने चुनाव आयोग से इंडिपेंड इलेक्शन आब्जर्वर नियुक्त करने की मांग की है और आप वॉलंटियर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। केजरीवाल ने ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों को तुरंत सस्पेंड करने व हमलावर भाजपा कार्यकर्ताओं को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। दरअसल कल आम आदमी पार्टी से रिठाला से विधायक महेंद्र गोयल के ऊपर रैली के दौरान हमले की खबर सामने आई थी इसमें गोयल बेहोश गए थे.

### जापान में 150 उद्योगपतियों से मिलकर लौटे सीएम, 20 निवेश को तैयार

# अब मप्र में सजने लगा निवेश महाकुंभ का माहौल, नए अवसरों की दहलीज़

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

मप्र में अब निवेश महाकुंभ का माहौल बनने लगा है। जापान यात्रा समाप्त कर सीएम मोहन यादव स्वदेश लौट आए हैं, वे कल और आज दिल्ली में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं लेकिन देर शाम भोपाल लौट रहे हैं। वे देर रात या सुबह शीर्ष अफसरों के साथ बैठक करके जापान यात्रा से मिले निवेश के तमाम अनुकूल संकेतों को धरातल पर लाने के लिए अभी से तैयारी के निर्देश दे सकते हैं। इधर राजधानी भोपाल में पहली बार हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिये तैयारियां बहुत तेज हैं। आयोजन स्थल व शहर को संवारा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंदौर और खजुराहो मप्र के ऐसे शहर हैं जहां पहले भी दो से अधिक बार इन्वेस्टर्स समिट हुई हैं। भोपाल में यह पहली बार हो रही है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

उधर मुख्यमंत्री ने जापान से लौटने के बाद कहा है कि जापान के कई निवेशक मप्र में निवेश के इच्छुक हैं। इनमें 20 नामी औद्योगिक सरकारी व निजी कंपनियां शामिल हैं। इनमें से टोक्यो में 10 और ओसाका शहर में 10 कंपनियां कारोबार कर रही है। दुनिया के अलग-अलग देशों में ये पहले ही काम कर रही है। इनमें से कुछ भारत के साथ पहले से साझेदार है। मप्र सरकार की तरफ से तमाम प्रमुख निवेशकों को जीआइएस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि सीएम यादव 27 जनवरी को जापान गए थे। जहां उन्होंने जापानी कंपनियों के अधिकारियों व निजी उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की। वह इसके पहले वे यूके और जर्मनी जा चुके हैं जहां से बडे निवेश प्रस्ताव मिले थे।

एम डॉ. मोहन यादव जापान यात्रा से शनिवार शाम को लौट गए हैं। उन्होंने दिल्ली में जापान यात्रा की सफलता को लेकर वार्ता की। इसके अलावा भाजपा के कई राष्ट्रीय नेतृत्व के कई पदाधिकारियों से मुलाकात करने गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों से समर्थन भी मांगा। रात्रि विश्राम मप्र भवन में ही किया। वह रविवार शाम तक भोपाल पहुंचेंगे। इसके पहले पूरे दिन दिल्ली की 5 विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार की शुरुआत कर दी है।





### जापान की कई कंपनियां निवेश के लिए तैयार

बताया जाता है कि टोक्यों की किटामुरा केमिकल्स ने रसायन उद्योग में रूचि दिखाई है तो निप्पॉन कोएई इंजीनियरिंग, जल संसाधन परियोजनाओं में सहयोग करना चाहती है उसकी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में भी रुचि है। एप्सन- इलेक्ट्रॉनिक्स ने मप्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में निवेश का वादा किया है तो मित्सुई ऊर्जा/रसायन- नवीकरणीय ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल में, हिताची विद्युत उपकरण निर्माण इकाई, नोकिया आईटी हार्डवेयर तथा आरएंडडी सेंटर व सुमितोमो ने वित्त तथा जापानी कंपनियों के निवेश को वित्तीय सहयोग देने की इच्छा जताई है। इसी तरह सोजिटज ने इंजीनियरिंग- लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में, यासुदा लॉजिस्टिक्स ने डीएमआईसी कॉरिडोर में तथा जापान लॉजिस्टिक्स ने कोल्ड चेन और वेयरहाउसिंग में निवेश की इच्छा जताई है। इसके अलावा टेक्सटाइल उद्योग, ऑटो पार्टस निर्माण यूनिट,कृषि मशीनरी निर्माण आदि क्षेत्र में भी अन्य कंपनियों ने निवेश करार के वादे किये हैं।

## मप्र के तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 5 मौतें

### त्रंयबकेश्वर से जा रहे थे द्वारिका

**डांग,एजेंसी**

गुजरात के डांग जिले में आज सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया है इसमें यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस खाई में गिर गई और 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह सभी मप्र के हैं। पुलिस ने बस में सवार फंसे घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि मप्र के गुना से 50 पर्यटकों की बस त्रयंबकेश्वर दर्शन करके लौट रही थी। इसी बीच सुबह 4 बजे सापुतारा घाट मार्ग में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर ने बस पर से काबू खो दिया, जिसकी वज़ह से बस खाई में गिरी। खुद ड्राइवर समेत 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। डांग कलेक्टर महेश पटेल ने कहा- ÷यात्रियों ने बताया, बस सापुतारा में रुकी थी। जहां चाय और नाश्ता किया गया। इसके बाद यात्रा दोबारा शुरू हुई। जानकारी के अनुसार, मप्र के श्रद्धालुओं का दल 23 दिसंबर को धार्मिक यात्रा पर निकला था। ये लोग उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के अलग-अलग तीर्थ स्थलों की यात्रा कर रहे थे।



**कुंभ से लौटते वक्त हादसा:** उधर मैहर में प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं से भरी एक जीप पलट गई। हादसे में नागपुर की मंगला एकनाथ चकवार (72) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 5 अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। घटना एनएच 30 पर एक ढाबे के पास आज सुबह 5 बजे की है।

## वसंत पंचमी: हादसे के बाद पहला अमृत स्नान शुरू, हाइअलर्ट पर अफसर

**प्रयागराज।** महाकुंभ में वसंत पंचमी का स्नान शुरू हो गया है। वसंत पंचमी का पर्व आज है, जबकि तिथि के अनुसार इसका अमृत स्नान कल सोमवार को तड़के होगा। आज से लेकर कल तक दोनों दिन यह पवित्र स्नान चलेगा। मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ के बाद यह पहला अमृत स्नान है लिहाजा प्रशासन ने सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। 4 से 5 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है। मौनी अमास्या के स्नान के लिए 29 जनवरी को 8 करोड़ लोग जुटे थे, जहां भगदड़ की घटना हुई थी। आज प्रशासन और पुलिस लगातार ऐक्टिव हैं। सीएम ने खुद ही पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। उन्होंने डीएम विजय किरण आनंद और डीआईजी वैभव कृष्णा से जानकारी ली। **साजिश के एंगल से भगदड़ की जांच:** अब उप्र स्पेशल टास्क फोर्स ने मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की जांच तेज कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि महाकुंभ में कहीं साजिश के तहत भगदड़ करवाई तो नहीं हुई। जांच के तहत यूपी एसटीएफ संगम नोज के आसपास सक्रिय मोबाइल नंबरों का डेटा खंगाल रही है। सूत्रों की मानें तो 16 हजार से अधिक मोबाइल नंबरों के डेटा का विश्लेषण किया जा रहा है। अब तक की जांच में कई मोबाइल नंबर घटना के बाद से ही बंद आ रहे हैं। कमांड एंड कंट्रोल रूम के सीसीटीवी से संदिग्धों को फेस रिकग्निशन ऐप के जरिए चिन्हित किया जा रहा है।



## पानी बचाने जल सहेलियां पदयात्रा पर निकलीं

**ओरछा, दोपहर मेट्रो।** गंभीर जल संकट की आहट व भूजल स्तर में तेजी से गिरावट के चलते सामने आई चुनौतियों के बीच बुंदेलखंड की जल सहेलियाँ देश में पहली बार जल संरक्षण के लिए एक ऐतिहासिक पदयात्रा पर निकली हैं। परमार्थ समाज सेवी संस्थान के नेतृत्व में यह यात्रा आज ओरछा के कंचना घाट से प्रारंभ होकर 20 फरवरी को छतरपुर के जटाशंकर धाम पहुंचकर पूरी होगी। यह यात्रा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के पांच जिलों–निवाड़ी, झांसी, ललितपुर, टीकमगढ़ और छतरपुर से होते हुए लगभग तीन सौ किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस दौरान जल चौपाल, श्रमदान और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को जल संकट के कारणों, उसके दुष्परिणामों और समाधान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## अब वक्फ बिल पर आरपार, कल पेश होगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट कल लोकसभा में पेश की जा रही है। लोकसभा की कार्य सूची के अनुसार, वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल, भाजपा सांसद संजय जयसवाल के साथ संयुक्त समिति की रिपोर्ट हिंदी और अंग्रेजी में लोकसभा में पेश करेंगे। वे संयुक्त समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी सदन के पटल पर रखेंगे। इससे पहले वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर जेपीसी की रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष प्रस्तुत की गई। जेपीसी ने 29 जनवरी को संशोधित विधेयक और उसकी ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी. हालांकि, विपक्षी नेताओं ने रिपोर्ट पर अपने असहमति नोट प्रस्तुत किए।

**मेट्रो एंकर**

### सरकार ने पेश कर दिया बजट खाका, अब आरबीआई की बारी

# 7 तारीख, क्या अभी बाकी है एक और बड़ा धमाका!

**नई दिल्ली,एजेंसी**

केंद्र सरकार के सालाना बजट में सरकार ने जिस तरह संभवतः पहली बार मिडिल क्लास को इतनी बड़ी राहत के दायरे में लिया है, उसे लेकर कई तरह की चर्चा भी हैं। मगर जानकारों का मानना है कि् यह सिर्फ एक शुरुआती राहत है और बड़ा ऐलान तो अभी बाकी है। दरअसल, आरबीआई यानि रिजर्व बैंक मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक 5 से 7 फरवरी के बीच होने वाली है। ऐसे में ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए अब अब आरबीआई भी बड़ा कदम उठा सकता है। बैंक ब्याज दरों में कटौती कर सकता है ताकि मिडिल क्लास को लोन ब्याज दर को लेकर थोड़ी और राहत मिल सके। यह कटौती 25 बेसिस पॉइंट तक जा सकती है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कल बजट में राहत देते हुए 12 लाख की सालाना आमदानी पर 0 टैक्स का ऐलान किया है यह मिडिल क्लास के लिए एक बड़ी राहत बन सकता है। इसके अलावा, टीडीएस को लेकर भी सरकार ने सीनियर सिटीजन को तोहफा देते हुए 50 हजार की लिमिट को बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया है।

माना जा रहा है कि यदि रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की जाती है तो कंजम्पशन बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था ग्रोथ को भी मजबूती मिलेगी। वहीं लोन में राहत मिलने से मिडिल क्लास की आमदनी थोड़ी और बचेगी, जिसका लाख वे बैंक एफडी, सरकारी योजनाओं या अन्य जगहों पर निवेश करके ले सकते हैं। जानकार मान रहे हैं कि बैंक का फोकस 7 फीसदी जीडीपी ग्रोथ पर रहेगा। क्रेडिट फ्लो भी सुधारने पर भी फोकस रहेगा, ऐसे में अनुमान है कि सरकार कंजम्पशन को और बढ़ाने के लिए ब्याज दरों में कटौती करेगी। कारोबारी जगत के लोग भी मान रहे हैं कि यह बजट काफी बेहतरीन है और बजट में कंजम्पशन को बूस्ट दिया गया है।



उधर, अभी हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। आरबीआई ने सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए 60 हजार करोड़ रुपये की सरकारी सिक्योरिटी खरीदेगा का फैसला किया है। डॉलर-रुपया स्वैप ऑक्शन के जरिए भी लिक्विडिटी बढ़ाने की तैयारी है. ऐसे में यह भी माना जा रहा है कि आरबीआई लोन रेट में भी कटौती करके लिक्विडिटी बढ़ा सकती है।

### फरवरी 2023 से है यथास्थिति!

गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। इस दौरान 11 मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक हो चुकी है, जिसमें ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में आरबीआई इस बार राहत देने के बारे में सोच रही है। इस दौरान रेपो रेट 6.5 फीसदी पर स्थिर रहा है। अब तक भारतीय रिजर्व ने महंगाई को कंट्रोल रखने के लिए ये फैसला रखा था।

## मान्यता नियमों में बदलाव के लिए भाजपा कार्यालय के सामने बैठेंगे निजी स्कूल संचालक

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

स्कूलों के मान्यता के लिए रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट सहित अन्य नियमों के विरोध में एमपी बोर्ड से संबंधित निजी स्कूलों का विरोध जारी है। प्रदेशभर में एक दिन स्कूल बंद करने के बाद अब निजी स्कूल संगठन बड़े प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। निजी स्कूल संगठन अब 4 फरवरी को भाजपा कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन पर बैठने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा लोक शिक्षण संचालनालय व राज्य शिक्षा केंद्र पहुंचकर भी प्रदर्शन की तैयारी है। बता दें कि इससे पहले स्कूल संचालकों ने 10 जनवरी को हड़ताल की थी। वहीं, महीने भर पहले स्कूल संचालक राज्य शिक्षा केंद्र कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी कर चुके हैं। कोषाध्यक्ष मोनू तोमर ने बताया कि अब आगे संचालक मंच अपने साथियों के साथ 4 फरवरी को प्रदेश भाजपा कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। कोषाध्यक्ष मोनू तोमर ने कहा कि कुछ संचालक मुंडन करवाएंगे, तो कुछ सरकार से इच्छा मृत्यु मांगेंगे।

**लोक शिक्षण संचालनालय व राज्य शिक्षा केंद्र पहुंचकर भी प्रदर्शन की तैयारी**

## सुहावना मौसम



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी अब सुबह और रात में ही ठंड का असर रहेगा, जबकि दिन में धूप चूभेगी। फरवरी के पहले दिन ऐसा ही मौसम रहा। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से 3 फरवरी को उत्तरी हिस्से मौसम बदलेगा।

### खजाने में डेढ़ लाख करोड़ से ज्यादा अतिरिक्त राशि आएगी

# मप्र की योजना को डबल इंजन से मिलेगी गति, बजट में बंपर फायदा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

इस बार केंद्र के बजट में मप्र को जो कुछ मिल रहा है उससे लग रहा है कि डबल इंजन की सरकार का फायदा मप्र के कई अधोसंरचनात्मक कामों को मिलेगा और इसका फायदा लंबे समय तक सूबे को मिलता रहेगा। दरअसल 2025-26 में केंद्रीय करों के हिस्से में 1,11,661 करोड़ रुपये मिलेंगे यानी वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 15,908 करोड़ रुपये राज्य को अधिक मिलेंगे। इतना ही नहीं विभिन्न केंद्रीय योजनाओं में सहायता अनुदान 45 हजार करोड़ रुपये के आसपास मिलेगा। दोनों राशि को मिलाए तो मप्र को आगामी वित्तीय वर्ष में 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक मिलेंगे। वहीं मप्र के ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी तीन वर्षों में 12 लाख आवास बनाए जाएंगे। केंद्र सरकार इसकी सैद्धांतिक सहमति दे चुकी है। प्रति वर्ष चार लाख आवास बनेंगे। इसकी शुरुआत वित्तीय वर्ष 2025-26 से होगी। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 54 हजार 832 करोड़ रुपये का प्रावधान



रखा है। इससे निर्माण कार्य में गति आएगी। वहीं, जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक संचालित किए जाने की घोषणा ने भी मध्य प्रदेश को राहत दी है।

दरअसल इस बार 24-25 के पुनरीक्षित अनुमान के अनुसार केंद्रीय करों के हिस्से में अब 5,247 करोड़ रुपये अतिरिक्त प्राप्त होंगे। गौरतलब है कि जीएसटी के बाद प्रदेश के बजट का मुख्य आधार केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता होता है। वर्ष 2024-25 के बजट में एक लाख 40 हजार करोड़ रुपये के आसपास केंद्रीय करों में हिस्सा और केंद्रीय सहायता अनुदान मिलने का अनुमान लगाया गया था। अब इससे अधिक राशि राज्य को प्राप्त हो रही है। दरअसल, राज्यों को केंद्र सरकार कुल राजस्व का 41 प्रतिशत केंद्रीय करों में हिस्से के रूप में देती है। इसमें मध्य प्रदेश को 7.82 प्रतिशत के हिसाब से राशि मिलती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए यह 95 हजार 753 करोड़ रुपये अनुमानित थी। केंद्रीय करों से प्राप्त राशि के अनुपात में अब राज्य को 5,247 करोड़ रुपये अधिक प्राप्त होंगे। इसका उपयोग सरकार विकास परियोजनाओं को गति देने में करेगी यह राशि अगले वित्तीय वर्ष में 15,908 रुपये बढ़कर मिलेगी। केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सहायता अनुदान 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिलेगा। यह लगभग 600 करोड़ रुपये अधिक रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस बार बजट में सरकार ने अधोसंरचना विकास को गति देने के लिए विशेष पूंजीगत सहायता योजना को निरंतर रखने का निर्णय लिया है। प्रदेश में पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में 15 हजार करोड़ रुपये प्राप्त करने के लक्ष्य रखा गया था।

# सौरभ के राज जानने शरद-चेतन के भरोसे लोकायुक्त जांच टीम, दिनभर हो रही पूछताछ, 4 को करना है पेश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

परिवहन विभाग के कॉन्स्टेबल व अब के कारोबारी सौरभ शर्मा के काले कारनामों का खुलासा उसके सबसे करीबी शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर ने लोकायुक्त पूछताछ के चौथे दिन करने लगे हैं। बताया जा रहा है कि शरद ने जानकारी दी कि सौरभ के सहयोग से उसके साले रोहित तिवारी ने जबलपुर में बालसागर



तालाब की जमीन पर कॉलोनी काटी है। इस कॉलोनी का नाम न्यू शास्त्री नगर है। 50 एक? से ज्यादा जगह में बनी इस कॉलोनी में 193 आलीशान बंगले तैयार किए जा चुके हैं। नगर निगम इस कॉलोनी को अवैध घोषित कर चुका है। 2023 में प्रशासन और नगर निगम का अमला इस कॉलोनी के मकानों को तो?ने पहुंचा था। तब रोहित ने अपनी हाई प्रोफाइल अप्रोच का इस्तेमाल कर अमले को लौटा दिया था। शरद और चेतन से कल दिनभर पूछताछ की गई। लोकायुक्त कार्यालय में लगातार चौथे दिन चेतन से भी पूछताछ की गई।

हालांकि, छुट्टी होने के कारण कार्यालय में केवल केस के इन्वेस्टिगेटर डीएसपी वीरेंद्र सिंह सहित उनकी टीम मौजूद रही। 6 जवान बाहरी सुरक्षा में तैनात रहे। सा? तीन घंटे की पूछताछ में चेतन और शरद को एक ही कमरे में रखा गया था। चेतन से मुख्य तौर पर मेंडोरी के जंगल में मिली सोने से लदी कार के संबंध में पूछताछ की गई। चेतन ने बताया कि इनोवा कार का रजिस्ट्रेशन मेरे नाम था। इसे सौरभ खुद यूज करता था। इस कार को चलाने के लिए उसका एक प्राइवेट ड्राइवर था। कार में सोना मिलने के बाद से ही ड्राइवर अंडरग्राउंड है। चेतन के बताए नाम और पते के आधार पर लोकायुक्त इस इनोवा को चलाने वाले ड्राइवर से पूछताछ करेगी। वहीं सौरभ का कहना है कि सोना मेरा नहीं है। चार फरवरी को सौरभ का रिमांड खत्म हो रहा है।

# राहुल के बयान पर केके की *प्रतिक्रिया* के कई अर्थ निकाल रहे कांग्रेसजन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केके मिश्रा की सोशल मीडिया पर एक पोस्ट चर्चित हो गई है। इसमें उन्होंने दलित और पिछड़ों के साथ न्याय नहीं किए जाने के राहुल गांधी की टिप्पणी पर 'प्रतिक्रिया' व्यक्त की है। मिश्रा ने कहा कि इस मौजूदा दौर में पार्टी में 'विचारधारा की सीधी लड़ाई लड़ने वाले नेता अब नहीं बचे हैं, या तो उन्हें अन्य कारणों से विलुप्त कर दिया गया है। आपके नेतृत्व में ऐसे नेताओं या पौध को हमें आगे लाना होगा या उनका निर्माण करना होगा।' मिश्रा ने कहा कि मौजूदा दौर की राजनीति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गुरुवार को व्यक्त यह स्वीकारोक्ति काबिल-ए-तारीफ़ है, जिसमें उन्होंने इस सच्चाई को बेबाकी के साथ स्वीकार किया है कि पिछली सदी के आख़िरी दशक में कांग्रेस पार्टी ने दलितों, पिछड़े वर्गों की अनदेखी की और स्वर्गीय इंदिरा गांधी के दौर में इन वर्गों का हमें पूर्ण समर्थन था।

**मिश्रा ने आगे लिखा-** राहुलजी, निसंदेह इस हकीकत को हमें स्वीकारना ही होगा, जिसे आपके अलावा आज तक किसी ने इसे नहीं स्वीकारा। 1971 से लेकर आज तक लगातार बतौर एक कार्यकर्ता के मैंने भी पार्टी में कई उतार-चढ़ाव और संघर्ष के दौर में हिस्सा लेकर उसे नजदीक से देखा भी है। लिहाजा, मैं भी साहस के साथ आपके रूप में अपने नेता को यह महत्वपूर्ण तथ्य साझा कर सकता हूं कि इस मौजूदा दौर में पार्टी में विचारधारा की सीधी लड़ाई लड़ने वाले नेता अब नहीं बचे हैं या उन्हें अन्य कारणों से विलुप्त कर दिया गया है। आग्रह है कि अवसरवादियों, दलबदलुओं, ग़द्दारों और धंधेबाजों से पार्टी कोई भी, किसी भी प्रकार का कोई भी समझौता न करे। विजयी सत्य ही होगा।% हालांकि अब कांग्रेस में चर्चा है विलुप्त शब्द से मिश्रा ने किस नेता की तरफ इशारा किया है। इसमें अर्जुन सिंह से लेकर दिग्विजय के भी नाम के कयास है। सिंह से कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्यता ले ली गई थी तो दिग्विजय भी पार्टी की मुख्यधारा की राजनीति से अलग हैं। गौरतलब है कि खुद केके मिश्रा भी बीते डेढ साल से मप्र कांग्रेस में किसी विशेष भूमिका में नहीं हैं।

# लक्ष्य तय करो, मेहनत करो, सफलता अवश्य ही मिलेगी: सिद्धभाऊजी

### साधु वासवानी स्कूल में समारोह

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। संत सिद्धभाऊजी, कर्नल नारायण पारवानी व शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। 12वीं के विद्यार्थियों ने जूनियर्स को विद्यालय की गरिमा का प्रतीक ज्योति सौंपी। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। भाऊजी ने कहा, जिस विद्यार्थी के जीवन में लक्ष्य होता है व अपने माता-पिता की कुर्बानियों का अहसास होता है वह अवश्य आगे बढ़ता है क्योंकि माता-पिता ऐसे व्यक्तित्व है जो सदैव हमें देते ही आ रहे हैं परंतु बदलें में सिर्फ इतना ही मांगते हैं कि हमारा जीवन सफल हो और हम आगे बड़े तो आपका भी यह कर्तव्य बनता है कि आप मेहनत करके पड़े और अच्छे पद पर पहुंचकर उनके सपनों को साकार करें।




**पढ़ाई पर फोकस करें:** उन्होंने कहा, बारहवीं के विद्यार्थी आज से ही टाइम-टेबिल निर्धारित कर समय अनुसार हर विषय पर ध्यान केंद्रित करें, विद्यार्थी पड़ाई करके ऊंचाइयों को छुएं क्योंकि पड़ाई जिंदगी का हर सुख व सम्मान देती है। पड़े-लिखे व्यक्ति को कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ता अतः पड़ाई हमारा ध्येय है और यही ध्येय हमें अच्छे पद पर पहुंचाता हैं।

**खुद को समझना पड़ेगा:** कर्नल पारवानी ने कहा, स्कूल से निकलकर कॉलेज जाने की यात्रा थोड़ी अलग होती है परंतु यह बदलाव भी आवश्यक है इस बदलाव में आपको खुद को संभालना व समझना पड़ता है क्योंकि कॉलेज के माहौल में आपको कोई नहीं देखेंगा कि आप पड़ रहे हो या नहीं यह जिम्मेदारी सिर्फ आपकी होती है।

**विद्यालय की ज्योति सौंपी:** आर्शीवाद समारोह में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं को ज्योति प्रदान करते हुए यह भाव प्रदर्शित किये कि इस विद्यालय की बागडोर हम आपके जिम्मेदार हाथों में सौप रहे हैं इस विद्यालय की शान को बरकरार रखना है। जिसमें जूनियर छात्राओं द्वारा सीनियर छात्राओं से ज्योति के रूप में उनके कार्यभार को अपने कंधों पर लिया एवं उन्हें विश्वास दिलाया कि इस ज्योति की लौ को बरकरार रखेंगे एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं टाइटल प्रदान किए। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

# सीएसआर क्लब ने आंगनवाड़ी केन्द्र पर कपड़े खिलौने बांटे

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑड़ मैनेजमेंट की छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकार से भी अवगत कराया जाता है, जिससे कि वे एक जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बन सकें। इसी कड़ी में संस्थान के सीएसआर क्लब के बैनर तले बीबीए की छात्राओं ने



आँगनवाड़ी केंद्र 'बाल विकास परियोजना' संत हिरदाराम नगर में जाकर वहां पड़ रहे बच्चों एवं उनके अभिभावकों को कपड़े, खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया। इसका उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक परिवेश से अवगत कराना एवं विभिन्न वंचित वर्गों के बारे में संवेदनशील बनाना था। छात्राओं एवं शिक्षकों ने अपने घरों से लाकर कपड़े, खिलोनें, जूते एवं अन्य सामग्री एकत्रित की एवं सलीके से पैकिंग की थी। आँगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह आयोजन हुआ। इस दौरान संस्थान की मैनेजमेंट छात्राओं ने उन पहलुओं को देखा एवं महसूस किया, जो हमें अक्सर दिखाई नहीं देते। उन्होंने महसूस किया कि छोटे-छोटे प्रयासों से वे समाज के विभिन्न वर्गों में सार्थक परिवर्तन ला सकती हैं। इस पहल के लिए पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने सीएसआर क्लब को आयोजन के लिए बधाई दी ।

**मेट्रो एंकर**

### रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा

# स्टेशन पर रेलवे ब्रिज दोनों ओर खोलने का सुझाव दिया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर ( बैरागढ़ ) स्टेशन सलाहकार समिति की शनिवार को बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों ने निर्माण कार्य के बारे में बताया। वहीं, सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। बैठक की अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक एमए अंसारी ने की। सदस्यों ने निर्माणाधीन दो एफओबी को स्टेशन के बाहर तक बढ़ाए जाने की मांग उठाई, ताकि स्टेशन के एक तरह से दूसरी तरफ जाने वाले राहगीरों को परेशानी न हो। बैठक में पार्षद अशोक मारण, एस जसवानी, शिक्षाविद आनंद सबधाणी,पश्चिम-मध्य रेल मण्डल भोपाल के इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर इंजीनियर मनोज कुमार, इलेक्ट्रीकल्स विभाग से सीनियर इंजीनियर एमएच परवेज एवं आरपीएफ से उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार गर्जर उपस्थित हुए।

**सदस्यों ने दिए सुझाव:** बैठक में रेलवे सलाहकार समिति में सदस्यों ने भोपाल इंदौर मुख्य मार्ग से स्टेशन के प्रवेश रोड के सीमेंट कांक्रीट अथवा डामरीकरण के लिए नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखने, स्टेशन के समीप जहां पुलिस क्वाटर बने हैं, ओर जर्जर हो चुके हैं, उसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित करने, स्टेशन से लेकर धोबीघाट नर्मदा स्वीट तक सड़क निर्माण जो



नगर निगम की तरह से स्वीकृत हो चुका है, वह काम जल्द से जल्द प्रारंभ करने के लिए भी रेलवे की तरफ से नगर निगम को पत्र लिखने का सुझाव दिया। इसी तरह डा. बालानी क्लीनिक के सामने स्टेशन जाने वाले मार्ग हेतु संकेत बोर्ड लगाने का भी सुझाव दिया, ताकि भोपाल से स्टेशन आने वाले यात्रियों को आसानी हो। स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर निजी लागत से संकेत बोर्ड लगाने पर बैठक में आनंद सबधाणी का भार माना गया।

### कवर्ड होगा पूरा स्टेशन

अमृत भारत योजना के अन्तर्गत स्टेशन का समुचित विकास किया जा रहा है। पूरा स्टेशन कवर्ड होगा, सेकण्ड एंट्री बावत उन्होंने बताया कि इसका भी विकास किया जा रहा है इसकी मुख्य सड़क निर्माण कर दिया गया है, और आने वाले समय में अन्य कार्य भी किए जाएंगे। स्टेशन के बाहर सड़क का निर्माण मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

**मनोज कुमार**, सीनियर इंजीनियर

### कवर होंगी खुली तारें

स्टेशन पर शेड के विस्तार का काम जहां तेजी से जारी है, वहीं वर्तमान शेड के नीचे जो खुली तारें नजर आ रही हैं, उन्हें कवर किया जा रहा है। इसी तरह जिस शेड का विस्तार किया जा रहा है, वहां नए पंखे लगाए जा रहे हैं। विद्युत संबंधी हो भी कार्य हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास हो रहा है।

**एमएच परवेज**, सीनियर इंजीनियर इलेक्ट्रीकल

# क्रेडाई के 'कमाल का भोपाल' अभियान को सीएस की स्वीकृति

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी को लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और स्मार्ट इंडस्ट्रीज का केंद्र बनाने के उद्देश्य से क्रेडाई भोपाल द्वारा तैयार 'कमाल का भोपाल' इंसेप्शन रिपोर्ट को मुख्य सचिव अनुराग जैन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्य सचिव ने इस रिपोर्ट को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसकी सराहना की और इसे आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रमोट करने के निर्देश दिए। इस बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे क्रेडाई के साथ बैठक कर ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 और भोपाल के विकास की रणनीति और लॉन्ग-टर्म प्लान तैयार करें। भोपाल को लॉजिस्टिक्स केपिटल बनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।ग्रेटर भोपाल क्षेत्र में औद्योगिक विस्तार की संभावनाओं को बल देने पर सहमति भी बनी। उल्लेखनीय है मुख्य सचिव ने क्रेडाई के प्रस्ताव पर राजधानी भोपाल के समग्र विकास पर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश मनोज मीक को दिए थे।




MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
CII
Confederation of Indian Industry
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
सफल निवेश की अनंत संभावनाओं
का परिवेश - मध्यप्रदेश
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24 25 फरवरी 2025, भोपाल
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ
निवेश के प्रमुख क्षेत्र
टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स | फार्मा, मेडिकल डिवाइस एवं हेल्थ केयर | कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्रसंस्करण | फिनटेक, आईटी/आईटीईएस/ ईएसडीएम
एवं रोबोटिक्स इकोसिस्टम | ईवी, ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स | खनन एवं खनिज | नवीकरणीय ऊर्जा | कौशल विकास
लॉजिस्टिक्स | पर्यटन | शहरी परिवहन एवं औद्योगिक अधोसंरचना
सेक्टोरल समिट
एग्जीबिशन एवं एक्सपो
थीमैटिक सेशन्स
प्रवासी मध्यप्रदेश समिट
आज ही रजिस्टर करें और
संभावनाओं के नए द्वार खोलें
www.investmp.in
D11174/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## 2.10 करोड़ से मंडी बायपास मार्ग के नालों व आरसीसी सड़क का निर्माण किया भूमिपूजन

# सिरोंज को क्लीन ग्रीन बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध:उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**





बसस्टेंड से लेकर बलेजा पेट्रोल पंप होते हुए नहर तक मंडी बायपास मार्ग के रहवासियों की सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए बहुप्रतीक्षित समस्या का समाधान विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से संभव हो सका है। उन्होंने इस मार्ग पर 144 लाख रु की लागत से मंडी बायपास मार्ग पर दोनों तरफ तथा एचडीएफसी बैंक के सामने से ओमप्रकाश साहू तक के घर को जोड़ने वाले नाला निर्माण कार्यों की महत्वपूर्ण सौगात शहरवासियों को प्रदान की। यह नाला बन जाने से मंडी बायपास मार्ग सहित वार्ड क्रमांक एक एवं दो के हाजीपुर वाले एरिए में रहने वाले परिवारों की जल निकासी की समस्या हल हो जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने वार्ड 16 में एक अन्य कार्यक्रम में 66 लाख की लागत से हाई स्कूल से होते हुए आरोन रोड को जोड़ने वाली आरसीसी सड़क का भी भूमि पूजन कर शहर वासियों को सौगात प्रदान की। इस तरह शनिवार को सिरोंज लटेरी के विधायक उमाकांत शर्मा ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना के चतुर्थ चरण के माध्यम से दो करोड़ दस लाख के निर्माण कार्यों की सौगात शहरवासियों को प्रदान की।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने सबसे पहले विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने वाले बजट प्रस्तुत करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए तालियां बजाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सिरोंज के संपूर्ण विकास करने के लिए संकल्पित हैं। जबसे देश ओर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बनी हैं तबसे प्रत्येक कार्यकर्ता गांव गरीब किसान और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रयासरत है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में चहुंओर विकास की गंगा बह रही है और यह सब निर्माण कार्य तो अभी केवल झांकी है हम सिरोंज को जिला भी बनाएंगे और रेलवे लाइन को भी स्वीकृत कराएंगे। मोदी जी कहते हैं हमारे नारीशक्ति,युवा शक्ति,किसान और मजदूर के चार मिशन चार बिरादरी हैं इनके कल्याण के लिए हम सदैव काम करते रहेंगे। आज आवास योजना,किसान सम्मान निधि,लाडली बहना योजना,किसान क्रेडिट कार्ड,निःशुल्क राशन वितरण योजना के माध्यम से अगर कोई देश के नागरिकों की सेवा कर रहे हैं तो वह नरेंद्र मोदी और मोहन यादव है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि सिरोंज में 3240 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होकर बन चुके हैं को कहा कि सनातन को कोरोना कहने वाले ओर उनका समर्थन करने वाले कांग्रेसी नेता आज गंगा स्नान पर भी अंगुली उठा रहे हैं। हमारे विकास कार्यों पर आक्षेप लगा कर सस्ती लोकप्रियता बटोरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा को याद करते हुए कहा कि उनके संकल्पों को पूरा करने के लिए आम आदमी के तरक्की के लिए सबके विकास के लिए हम निरंतर काम करते रहेंगे। इसके पूर्व उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके पूर्व उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ की भगदड़ में दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता रूपेश यादव,सुमंत मित्तल संजय सोनी, तोषमणि पंथी ने भी संबोधित किया। संचालन सचिन शर्मा ने एवं आभार नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता हरीबाबू भार्गव,संतोष चैरे,रमेश यादव,नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ,नारायणदास साहू,मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह,पारस तारण,संजय सोनी सहित नगरपालिका में भाजपा के पार्षदगण एसडीएम हर्षल चैधरी, एसडीपीओ उमेश तिवारी,सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल से आरोन रोड तक बनेगी सीसी सड़क

बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम के उपरांत विधायक शर्मा ने वार्ड क्रमांक 12,13,15,16 वार्डो को जोड़ते हुए हाइ स्कूल से आरोन रोड तक पहुंचने वाली 66 लाख की लागत से बनने वाली आरसीसी सड़क का भी भूमिपूजन किया। वर्षो पहले इस स्थान पर नाला हुआ करता था पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने शहर के नागरिकों को सीधे आरोन मार्ग पर पहुंचाने के लिए इस सड़क का निर्माण कराया था जिस पर हल्के एवं भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से होता हैं। वर्तमान में यह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है जिसे विधायक उमाकांत शर्मा ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना के चैथे चरण में जुड़वा कर आरसीसी सड़क स्वीकृत करवाई है अब यह सड़क ओर अधिक मजबूत होकर आवागमन के लिए सुगम हो जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की तौर पर पहुंचे विधायक शर्मा ने यहां के वरिष्ठ बुजुर्ग भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह को मुख्यातिथि बनाकर उनका साफा पहनाकर सम्मान किया।

## रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगतगुरु बने डॉ वेदांती

**गंजबासौदा।** नगर में वेदांत संस्कृत विद्यालय आश्रम के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ रामकमलदास वेदांती जी का शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ में एक धार्मिक समारोह में रामानंदाचार्य सम्प्रदाय के सबसे बड़े पद पर जगतगुरु के रूप में पट्टाभिषेक हुआ। रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगतगुरु तुलसीपीठाधीश्वर रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा डॉ वेदांती जी का पट्टाभिषेक कर धर्म दंड सौंपते हुए जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ रामकमलाचार्य वेदांती के रूप में नया नाम दिया गया। धार्मिक समारोह में डॉ वेदांती के अलावा एक अन्य संत जगतगुरु विष्णुपद संतोषदास महाराज सतुआ बाबा का भी जगतगुरु के रूप में पट्टाभिषेक हुआ।



## भागवत कथा सुनने उमड़ रहे भक्त

**सिरोंज।** ग्राम झंडावा में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में तृतीय दिवस पर महाराज भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि भगवान सुखदेव जी राजा परीक्षित को मृत्यु के भय से दूर करने के लिए योग और धारणा का वर्णन सुनते हैं महाभारत की कथा से भागवत का उदय होता है एवं विदुर मैत्रीय संवाद भी सुनाया । भगवान कपिल देव का जन्म देवहूति माता का संताप निवारण तथा भगवती सती का शरीर त्याग करना दक्ष यज्ञ विध्वंस आदि कथाओं को विस्तार से वर्णन किया । इस दौरान भाजपा नेता महेंद्रसिंह दांगी के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



## साइबर सुरक्षा को लेकर निकाली रैली

**गंजबासौदा।** अभियान सेफ क्लिक के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें थाना देहात एवं शहर सहित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों एवं स्टाफ शामिल रहा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी निर्देशानुसार दोनों थाना प्रभारी थाना शहर बासौदा निरीक्षक योगेंद्र परमार थाना देहात बासौदा निरीक्षक हरिकिशन लोहिया एवं उपनिरीक्षक जय कुमार सिंह थाना शहर द्वारा साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूकता हेतु एक रैली निकाली गई जो शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल थाना देहात से थाना बासौदा शहर तक निकली गई। जिसमें स्कूल के समस्त छात्र एवं स्टाफ उपस्थित रहा जिन्हें साइबर सुरक्षा संबंधी एवं अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें सभी का सहयोग रहे एवं अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता अभियान की जानकारी पहुंच सके जिससे लोगों के साथ साइबर अपराध घटित ना हो सके इस संबंध में जागरूकता साइबर फ्रॉड के बचाव आदि की जानकारी दी गई।



## कैरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित

**गंजबासौदा।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम विजय राय, कृषि महाविद्यालय से प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव, शासकीय चिकित्सालय से डॉक्टर संकुल जैन, सीए शुभम जैन, तथा उमावि शिक्षक आलोक जैन ने अपने-अपने विषय में बच्चों को कैरियर बनाने संबंधी मार्गदर्शन दिया। एसडीएम विजय राय ने बच्चों को मोबाइल का उपयोग सही दिशा में करने और प्रशासनिक सेवा में जाने के मार्ग दिखाएं, डॉक्टर संकुल जैन ने मेडिकल क्षेत्र में कैसे सफल हो मार्गदर्शन दिया, प्रोफेसर श्रीवास्तव ने सकारात्मक सोच रखकर कृषि पशुपालन में आत्मनिर्भर होकर दूसरों को भी रोजगार देने की बात कही, सीए जैन ने अकाउंट के क्षेत्र में असीम संभावनाओं के द्वार खोले, अंत में शिक्षक आलोक जैन ने कैरियर चुनने से पहले विषय को पढ़कर स्वयं निर्णय करने पर जोर दिया।



## एडिप योजना तहत विदिशा जिले में 555 सिरोंज में 87 को हितग्राही उपकरणो हेतु चिन्हांकित

**सिरोंज।** विदिशा जिले के दिव्यांगजनों को एडिप योजना के तहत उपकरण प्रदाय करने के लिए चिन्हांकन हेतु शिविरो का आयोजन किया गया था जिले के सभी सातो विकासखण्डो व निकायो में समानांतर आयोजित इन शिविरो में 555 दिव्यांग हितग्राही चिन्हांकित किए गए है और इन हितग्राहियों को भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत 1128 उपकरण वितरित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक पंकज जैन ने बताया कि बासौदा विकासखण्ड में सर्वाधिक 117 व नटेरन विकासखण्ड में सबसे कम 44 दिव्यांग हितग्राही शिविरो के माध्यम से चिन्हांकित किए गए है। विकासखण्डवार चिन्हित हितग्राहियों व उन्हें प्रदाय किए जाने वाले उपकरणो की संख्यात्मक जानकारी तदानुसार विदिशा में सौ हितग्राहियों को 190 उपकरण, बासौदाम में 117 को 241 उपकरण, ग्यारसपुर में 67 को 139 उपकरण, कुरवाई में 74 को 142 उपकरण, सिरोंज में 87 को 178 उपकरण, लटेरी में 66 को 139 उपकरण जबकि नटेरन विकासखण्ड में चिन्हित 44 दिव्यांगजनों के लिए 99 उपकरण प्रदाय किए जाएंगे।

## राज्य संरक्षित स्मारक घोषित, आपत्तियां आमंत्रित

**सिरोंज।** विदिशा संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम की धाराओं के तहत राज्य शासन द्वारा दो माह पश्चात प्राचीन स्मारको की राजपत्र में अनुसूची अनुसार राज्य संरक्षित स्मारक घोषित करने के आशय की सूचना दी है। ततसंबंध में किसी भी ऐसी आपत्ति जो इस संबंध में प्राचीन स्मारक व पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के मध्यप्रदेश राज्य पत्र में प्रकाशित होने की दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्ति होने के पूर्व प्राप्त होती है तो राज्य शासन द्वारा विचार किया जाएगा। मध्यप्रदेश राजपत्र 27 दिसम्बर 2024 को प्रकाशित संस्कृति विभाग के द्वारा जारी अनुसूची में विदिशा जिले के उदयपुर स्थित स्मारक क्रमशः उदय सागर तालाब, गणेश मंदिर, उदयपुर पहाडी किला और बीजामण्डल (घडियालो का मकान) को स्मारक सूची में शामिल किया गया है। ततसंबंध में यदि किसी भी नागरिक को आपत्ति है तो वह अपनी लिखित आपत्ति संस्कृति विभाग के भोपाल स्थित मंत्रालय भवन में अथवा विदिशा जिले के पुरातत्व संग्रहालय कार्यालय में उपस्थित होकर नियत समयावधि में जमा कर सकते है।

## असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिवस मनाया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



सिरोंज। असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष राजा वल्लभ शारदा का 82 वा जन्मदिवस सिरोंज इकाई द्वारा शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों को फल वितरण कर मनाया गया। असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स के वरिष्ठ पदाधिकारी अजमल शेर खांन ने बताया कि हमारे द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा का जन्मदिन मरीजों को फल वितरित कर मनाया गया। वही वरिष्ठ सदस्य जावेद साहिल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राधा वल्लभ शारदा हमेशा पत्रकारों की समस्याओं को लेकर पत्रकार साथियों के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े नजर आते हैं और पत्रकारों की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचा कर उन्हें पूरा कराने का हर संभव प्रयास करते हैं और समय-समय पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम कराकर पत्रकार साथियों को सम्मानित भी किया जाता है। जन्मदिन कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर, नसीम गोरी, विनोद सेन, वाजिद कुरैशी, सुब्हान गोरी, राजा खांन गोरी, शेखू खान, वाहिद गोरी, आदि लोग मौजूद रहे।

## ठेकेदार को घटिया काम करना पड़ा महंगा विधायक की नाराजगी पर हुआ सील कोट

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



मुख्य बाजार गुणवत्ता विहीन कार्य करना ठेकेदारों को महंगा पड़ गया यहां पर ठेकेदार से प्रशासन एक ओर सील कोट करवाया गया है इसके बाद मुखिया की सड़क चमचम हो गई है इससे पहले घटिया काम की चारों तरफ निंदा हो रही थी सबसे पहले समाजसेवी अशोक जैन खर्च ने मुख्य बाजार में ठेकेदार के द्वारा घटिया काम सीएमओ एसडीएम से शिकायत की और एक सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर विधायक को भी ध्यान देने के लिए चेताया इसके बाद विधायक श्री शर्मा ने घटिया काम को लेकर नाराजगी जताई इसके बाद एसडीएम हर्षल चैधरी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश ने जायजा लेकर दोनों अधिकारियों ने कहा कि गुणवत्ता विहीन काम ठेकेदार को भुगतान नहीं करेंगे इसके प्रशासन ने मुख्य बाजार सड़क पर डामर का एक और सील कोट करवाया है। इसके बाद सड़क अब अच्छी दिखाई देने लगी इससे पहले सड़क जगह से उखड़ी हुई नजर आ रही थी ऐसा लग रहा था कि डामर करने के नाम पर केवल ठेकेदार ने खाना पूर्ति कर दी है कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी के साथ कांग्रेसियों ने भी घटिया काम को लेकर प्रदर्शन किया था । सील कोट होने पर श्री खर्च ने कहा कि अच्छे कदम के लिए हम विधायक ,एसडीएम, सीएमओ का धन्यवाद भी करते हैं की जनहित में हमारे द्वारा उठाए गए मुद्दे पर पर गंभीरता से कदम उठाकर अच्छा कार्य करवाने के लिए व्यक्त करते हैं। इससे पहले विधायक श्री शर्मा ने भी घटिया काम की शिकायत सामने आने के बाद एसडीएम और सीएमओ को तत्काल ध्यान देकर गुणवत्ता के साथ काम करवाने के निर्देश दिए थे। मुख्य बाजार की सड़क होने से सब की निगाहें लगी हुई थी इसके चलते अधिकारियों ने भी तत्परता से सड़क का निरीक्षण करके इस काम को फिर से करवाया है।

**इनका कहना है**

> हमने ठेकेदार से मुख्य बाजार की सड़क पर एक और सील कोट करवा दिया है घटिया काम को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।
>
> -हर्षल चैधरी , एसडीएम

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला व खण्ड के मापदण्डों में पीछे न रहें

# कलेक्टर ने दिए निर्देश : जिला व खण्ड के मापदण्डों में पीछे न रहें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलो व विकासखण्डो के लिए निर्धारित केपीआई पैरामीटरों के मापदण्डो की समीक्षा कलेक्टर ने शनिवार को बेतवा सभागार कक्ष में की। उन्होंने विभागवार जारी पैरामीटरो के परिपालन में विभागीय उपलब्धियों के संबंध में कहा कि जिला किसी भी मापदण्ड में पीछे ना रहें। उन्होंने कहा कि विदिशा देश के आकांक्षी जिलो की एवं बासौदा खण्ड स्तरीय आकांक्षी सूची में शामिल है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारी नीति आयोग के पैरामीटरो के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरते। देश स्तरीय समीक्षा बैठको में विदिशा जिला पिछडे ना यह नैतिक दायित्व क्रियान्वित विभागो के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों का मुख्य रूप से है। विभागीय पैरामीटरो के क्रियान्वयन में नीति आयोग द्वारा मदद हेतु एनजीओ पार्टनर्स भी नियुक्त किए है। अतः इन गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से संपादित किए जा रहे कार्यो की भी निगरानी करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने बासौदा एसडीएम विजय राय को निर्देश दिए है कि खण्ड स्तरीय समीक्षाएं सप्ताह में एक दिन में अनिवार्य रूप से करें और हरेक विभाग के निर्धारित केपीआई उद्धेश्यो की प्राप्ति के लिए विभाग व उनके सहयोगी एनजीओ पार्टनर्स के द्वारा क्या-क्या नवाचार किए जा रहे है और उन नवाचारो के धरातलीय परिणाम क्या है पर विशेष नजर रखते हुए समीक्षा करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि समीक्षा बैठक का मुख्य उद्धेश्य कार्यो में सुधार लाते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति समयावधि में हो जहां इम्पेक्ट नजर नही आ रहा वहां और क्या विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी गैर सरकारी संस्था पार्टनरो के द्वारा किन-किन क्षेत्रो में क्या-क्या कार्य किए जा रहे है और उसकी क्या उपलब्धियां अर्जित की गई है। इत्यादि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी एनजीओ पार्टनरो को निर्देश दिए है कि जो भी क्षेत्र में नवाचार करते है। उसकी जानकारी संबंधित विभाग के जिलाधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय एसडीएम के संज्ञान में अवश्य लाए ताकि कहीं क्रियान्वयन में कोई दिक्कत आती है तो उसका स्थानीय स्तर पर ही समाधान संभव हो सकें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित पैरामीटरो की समीक्षा निर्धारित पोर्टलो पर दर्ज रिपोर्ट, संख्यात्मक जानकारी के आधार पर की जाती है। अतः क्षेत्र में जो भी कार्य करें उसका परिणामो की जानकारियां संबंधित विभाग के प्रदेश स्तरीय और नीति आयोग के निर्धारित पोर्टलों पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएं। आफ लाइन प्रगति मान्य नहीं की जाती है। अतः रजिस्टर में लिखकर सीमित ना रहें। पोर्टल पर दर्ज कराने के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरे किए जाएं।

नीति आयोग द्वारा विभागवार निर्धारित थीम केपीआई पैरामीटरो के अनुसार समीक्षा की गई जिसमें स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित पृथक-पृथक बिन्दु तदानुसार स्वास्थ्य संबंधी पहली तिमाही के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओ का प्रतिशत, कुल रिपोर्ट किए गए प्रसवों में संस्थागत प्रसवो का प्रतिशत, कम वजन वाले शिशुओं का प्रतिशत (2500 ग्राम से कम), ब्लॉक में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणित सुविधाओं का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के विरूद्ध उच्च रक्तचाप के लिए जांचे गए व्यक्तियों का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच कराने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, एक वर्ष पहले अधिसूचित टीबी मामलो के मुकाबले सफलतापूर्वक इलाज किए गए टीबी मामलो का प्रतिशत की समीक्षा की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधी आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण आहार लेने वाले छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों का प्रतिशत, रिपोर्टिंग माह के दौरान आंगनबाडी केन्द्रो में नामांकित बच्चों की माप दक्षता, पांच वर्ष से कम आयु कुपोषण (एमएएस) से ग्रस्त पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का प्रतिशत, कार्यात्मक शौचालयों वाले आंगनबाडी केन्द्रो का प्रतिशत, पेयजल सुविधा के साथ संचालित आंगनाबाडी केन्द्रो का प्रतिशत की समीक्षा की गई।

बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जो कार्य किए जाने है उनमें संबंधित विकासखण्ड में कुल परिवारो की संख्या के मुकाबले कार्यरत नलजल कनेक्शन, एफएचटीसी वाले परिवारो का प्रतिशत खुले में शौच से मुक्त ओडीएफ प्लस घोषित गांव का प्रतिशत, भारत नेट से जुडी से ग्राम पंचायतो का प्रतिशत, लाइव भारत नेट कनेक्शन वाली ग्राम पंचायतो का प्रतिशत तथा संचयी लक्ष्य के मुकाबले पीएमएवायजी के तहत निर्मित घरो का प्रतिशत, एसएचजी में जोडे गए पात्र परिवारो की कुल संख्या, ब्लाक में कुल स्वसहायता समूहो के विरूद्ध रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले समूहो का प्रतिशत, विकासखण्ड में स्थित बैंकिंग टच पाइंट तहत बैंक शाखा, वीसी, आईपीपीवी केन्द्र के माध्यम से बैंक सुविधा लक्ष्यों की पूर्ति, प्रधानमंत्री डिलीटल साक्षारता अभियान के तहत कम से कम 250 लाभार्थियों को डिजीटल रूट से प्रमाणित करने वाली ग्राम पंचायतों का प्रतिशत इत्यादि शामिल है।

नीति आयोग द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित जिन बिन्दुओं पर कार्य करने हेतु शामिल किया गया है उनमें प्राथमिक से माध्यमिक शाला स्तर तक लडको और लडकियों को शत प्रतिशत दाखिल जिले में अब तक दाखिलो के प्रतिशत की जानकारी इसी प्रकार माध्यमिक से उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत दाखिला हो के प्रबंधो, छूटे हुए बच्चों का स्कूलो में दाखिला कराना शामिल है। बच्चों में शैक्षणिक सुविधा के लिए निर्धारित तीस छात्रों के ऊपर प्राथमिक विद्यालयों में एक शिक्षक होना अनिवार्य है। ऐसे विद्यालय जहां शिक्षक नहीं है वहां अतिथि शिक्षक नियुक्त कर शैक्षणिक कार्यो का संपादन करना। नियुक्त अतिथि शिक्षक की जानकारी संबंधित पोर्टल पर दर्ज करना शामिल है। विद्यालयों की तुलना में बालिकाओं के लिए पर्याप्त संख्या में शौचालयो की सुविधा, विद्यालयों में हो का प्रतिशत, आसवश्यकता वाले बच्चों को पढाने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों वाले स्कूलों का प्रतिशत (सीडब्ल्यूएसएन), कक्षा दसवीं और बारहवी की बोर्ड परीक्षा में साठ प्रतिशत और उससे अधिक अंक पाने वाले लडको, लडकियों का पृथक-पृथक प्रतिशत पैरामीटर में शामिल है।

# जीनियस प्लानेट स्कूल में साइंस प्रदर्शनी लगी



**इटारसी. दोपहर मेट्रो**

शहर के सीबीएसई स्कूल जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों के चार्ट्स और मॉडल पर प्रदर्शनी लगाई गई द्य इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ बी आर सी सपना गोलानी, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चोरे, सभापति पार्षद राकेश जाधव, संचालकद्व जाफर एवं मनीता सिद्दीकी ने किया । सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट्स की सराहना की उनके उज्जवल भविष्य की कामना की द्य विद्यार्थियों ने चार्ट्स, मॉडल को क्लासिफाइड करके साइंस जोन, सोशल साइंस जोन, लैंग्वेज जोन, आई टी ?ोन में कियाद्य साथ ही आर्ट गैलरी एवं विद्यालय द्वारा किये गए अब तक की समस्त एक्टिविटी की फोटो सहित गैलरी बनाकर प्रदर्शनी लगाई गयीद्य इन सभी जोनस में बच्चों ने सम्बंधित विषयों के बहुत सुन्दर सुन्दर चार्ट्स, चलित और अचलित मॉडल बनाये गये बच्चों द्वारा बनाये गये कुछ मॉडलस जैसे वेक्यूम क्लीनर, सोलर एनर्जी, हार्ट ब्लड प्यूरीफायर सिस्टम, प्लान्टेशन सिस्टम, चंद्रयान 3, डायलिसिस सिस्टम, ट्रिगनामेंट्री टेबल, एसिड रेन, क्रिकेट स्टेडियम, क्विज बोर्ड, एयर पॉलुशन, हाइड्रोलिक सिस्टम, बार ग्राफ, रनिंग ट्रैक, फायर अलर्ट अलार्म, डैम, प्रोजेक्टर आदि बहुत पसंद किये गये अतिथियों का स्वागत स्कूल संचालक मो. जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी द्वारा किय।अतिथियों ने कहा कि बच्चों द्वारा बहुत ही शानदार मॉडल बनाएं गए है,और उससे अच्छी बात यह है कि प्रत्येक छात्र अपने बनाये गए मॉडल को विस्तार से समझा रहा है, इससे प्रतीत होता है कि छात्र ने स्वंय मॉडल बनाया है और शिक्षक शिक्षिकाओं कि सराहना करते हुए उन्हें अच्छे विद्यार्थियों को मॉडल के लिए दिए गए गाइडेंस की सराहना की समस्त अतिथियों और पेरेंट्स का आभार स्कूल प्राचार्य विशाल शुक्ला द्वारा किया गया।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली, लोगों को दी ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने की सलाह

**नर्मदापुरम. दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में प्रदेश स्तरीय साइबर सुरक्षा संबंधी सेफ क्लिक अभियान के तहत शांति निकेतन स्कूल नर्मदापुरम के छात्रों के द्वारा 'सेफ क्लिक अभियान' के तहत साइबर सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। रैली का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। रैली के दौरान, छात्रों ने साइबर अपराधों से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के महत्व पर जोर दिया। पुलिस अधिकारियों ने भी साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए सावधान रहने की सलाह दी। इस पहल से नर्मदापुरम में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र, स्कूल प्राचार्य एवं स्टाफ और स्कूली छात्र छात्राएं , सायबर सेल




नर्मदापुरम के अभिषेक नरवरिया, संदीप यदुवंशी, दीपेश सोलंकी , बंटी चौहान ने सक्रिय भूमिका निभाई। रैली के दौरान, छात्रों ने साइबर सुरक्षा अपनाएं, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाएं हर क्लिक हो सेफ जैसे नारों के माध्यम से जन जागरूकता फैलाई। पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराधों से बचने के उपायों पर प्रकाश डाला, जबकि स्कूल के प्राचार्य द्वारा छात्रों को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस पहल का उद्देश्य समुदाय में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ऑनलाइन खतरों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने मन मोहा

**नर्मदापुरम. दोपहर मेट्रो**

समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में प्री प्राइमरी विभाग के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर में नन्हे मुन्ने बच्चों के पैर थिरके तो कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों के मन खिल उठे। कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारत की संस्कृतिक झलक देखकर ऐसा लगा मानो पूरा भारत ही एक मंच पर एकत्रित हो गया हो। बच्चों ने कश्मीर का रॉफ नृत्य, गुजरात का गरबा, आसाम का बिहू, गोआ का मंडो, पंजाब का भांगड़ा, भरतनाट्यम, राजस्थान का लोक नृत्य कालबेलिया, दक्षिण के प्रसिद्ध नृत्य कथकली की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीआईजी प्रशांत खरे, समिति के सचिव संतोष शर्मा, डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य श प्रेरणा रावत, मैनेजर शिखा खंपरिया, एकेडमी प्रभारी विक्रांत



खम्परिया, प्रभारी स्वाति खम्परिया द्वारा किया गया। खरे नेकहा हमारा लक्ष्य श्रेष्ठ नागरिक तैयार करना है। विद्यालय और अभिभावकों के सहयोग से ही यह संभव होता है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही आगे चलकर देश की सेवा करेंगे और नागरिक बनेंगे।उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति को भी सराहा। उन्होंने विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

# तवा डैम के तीन कर्मचारी सेवानिवृत हुए

**नर्मदापुरम. दोपहर मेट्रो**

अनुविभागीय अधिकारी तवा शीर्ष कार्य अनुविभाग तवानगर में पदस्थ प्रदीप उपाध्याय धन्नू कापसे शकुन खातरकर को सेवा निवृति के अवसर पर तवा कंट्रोल रूम में विदाई समारोह आयोजित किया गया. रिटायर्ड हुए कर्मचारियों को फूल माला शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी एन के सूर्यवंशी ने सेवानिवृत्ति का प्रमाण पत्र प्रदान किया. कार्यक्रम का राजकुमार सोनार ने किया आभार व्यक्त बशारत खान ने किया।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

# मल्लिका शेरावत बोलीं- मेरे पैदा होने पर मां डिप्रेशन में चली गई थीं

बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' को लेकर चर्चा में चल रही है। फैंस मल्लिका को एक बार फिर स्क्रीन पर देखकर उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में, अपनी निजी जिंदगी को लेकर कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। अभिनेत्री ने बताया कि उनके पैदा होने के बाद परिवार वाले खुश नहीं थे, क्योंकि उस वक्त हरियाणा का समाज ऐसा था कि लोगों को बेटी नहीं चाहिए होती थी। एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया, मुझे किसी का समर्थन नहीं मिला। न तो मेरी मां और न ही मेरे पिता ने मेरा साथ दिया। मेरे परिवार ने मेरा साथ नहीं दिया, लेकिन इसमें मेरी मां का कोई कसूर नहीं था। मल्लिका ने आगे कहा, मेरी मां उस समय 17-18 साल की रही होंगी। आप खुद सोचिए कि उनके लिए कितना मुश्किल रहा होगा कि पहले शादी करो फिर मां बनो और फिर लड़की हो जाए और लोग बधाई देने की जगह आपको दस बातें सुना रहे हो। मेरी नानी कहती थीं कि लड़का हो जाए तो जड़ जमीन में चली जाती है। तो मेरी मम्मी की जड़ तो नहीं गई जमीन में क्योंकि उन्हें एक लड़की हो गई।



# अनुपम खेर की 'विजय 69' की रिलीज डेट से उठा पर्दा, फिल्म का मोशन पोस्टर जारी

अनुपम खेर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'विजय 69' की रिलीज डेट आखिरकार सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ एंटरटेनमेंट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इस घोषणा ने इंटरनेट पर हलचल मचाना शुरू कर दिया है और प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ एंटरटेनमेंट ने अपने इंस्टाग्राम पर विजय 69 का मोशन पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में अनुपम खेर साइकिल चलाते हुए नजर आ रहे हैं। शर्ट और साइकलिंग शॉर्ट्स पहने अभिनेता साइकिल चलाते हुए सीधे कैमरे की तरफ देख रहे हैं। पोस्टर के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया है। यह फिल्म 8 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। पोस्टर शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, जिंदगी एक रेस नहीं है। यह एक ट्रायथलॉन है। 'विजय 69' 8 नवंबर को रिलीज हो रही है सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। फिल्म की कहानी की बात करें तो विजय 69 एक 69 वर्षीय व्यक्ति की कहानी है, जो अपनी उम्र की सीमाओं के बावजूद ट्रायथलॉन के लिए प्रशिक्षण लेना शुरू करता है।



# दीपिका बोलीं- मेरी भाषा और एक्टिंग का उड़ाया था मजाक



*दीपिका पादुकोण ने फिल्म ओम शांति ओम से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। ये फिल्म सुपरहिट हुई थी। लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। हाल ही में एक चैट शो के दौरान दीपिका ने बताया कि जब उनकी पहली फिल्म रिलीज हुई तो उनके एक्सेंट और एक्टिंग का मजाक उड़ाया गया था। हालांकि, उन्होंने उन नेगेटिविटी से काफी कुछ सीखा और खुद को निखारा। लाइव लव लाफ लेक्चर सीरीज में, दीपिका पादुकोण ने अपनी पहली फिल्म को लेकर बात की। इस दौरान दीपिका ने कहा, 'जब मेरी पहली फिल्म ओम शांति ओम रिलीज हुई थी। उस समय मुझे काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। लोगों ने मेरे एक्सेंट से लेकर मेरी एक्टिंग तक का मजाक उड़ाया था।' दीपिका ने कहा, 'नेगेटिविटी कभी-कभी एक अच्छा एक्सपीरियंस होता है...*

यह आप पर निर्भर करता है कि आप उन आलोचनाओं का कैसे सामना करते हैं। जैसे उन सभी बेकार रिव्यू ने मुझे और भी ज्यादा प्रेरित किया। मुझे कड़ी मेहनत करने और खुद को निखारने के लिए मोटिवेट किया। असफलता ने भी मुझे बहुत कुछ सिखाया।' फराह खान ने भी एक इंटरव्यू के दौरान कहा था, दीपिका पादुकोण की आवाज पहले बहुत खराब थी। ये जवानी है दीवानी के वक्त वो ठीक से बोल नहीं पाती थीं, लेकिन जब दीपिका गाना गाती थीं, तब उनका चेहरा चमक उठता था।' बता दें, ओम शांति ओम फिल्म के लिए दीपिका को बेस्ट फीमेल डेब्यू फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। वहीं, उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का नॉमिनेशन भी मिला था।

# गायन में भी करियर बनाने वाली हैं आलिया!

आलिया भट्ट की हालिया रिलीज फिल्म 'जिगरा'को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इस बीच आलिया, करीना कपूर के शो व्हाट वूमेन वांट पर नजर आईं, जहां करीना ने उनसे उनके गायिकी को लेकर दिलचस्प सवाल पूछे हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म जिगरा को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह वेदांग रैना के साथ नजर आ रही हैं, जो भाई और बहन के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित फिल्म है। आलिया अपने अभिनय के अलावा अपनी गायिकी का प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने अपनी फिल्म हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया में समझावां गाना गाकर अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्होंने उड़ता पंजाब के लिए दिलजीत दोसांझ के साथ गाना इक कुड़ी भी गाया। इस बीच उनकी गायिकी को लेकर करीना कपूर खान ने आलिया से एक दिलचस्प सवाल पूछा है।

## करीना के शो 'व्हाट वूमेन वांट' में नजर आईं आलिया

आलिया ने भले ही कुछ अच्छे गाने गाए हैं, लेकिन करीना कपूर उनकी संगीत प्रतिभा को लेकर काफी उत्सुक हैं। उन्होंने अभिनेत्री से पूछा कि क्या वह अपना खुद का सिंगल रिलीज करने की योजना बना रही हैं। दरअसल आलिया भट्ट हाल में ही करीना कपूर के शो व्हाट वूमेन वांट में नजर आई थी। इस दौरान बकिंघम मर्डर्स अभिनेत्री ने जिगरा अभिनेत्री से पूछा, ये क्या है? क्या आप गायन में अपना करियर बनाने नहीं जा रही हैं? मुझे नहीं पता कि आपकी आवाज इतनी अच्छी है या नहीं। मैं बस पूछ रही हूं। इस पर दोनों अभिनेत्रियां हंसती नजर आईं।

## अपना गाना बनाना चाहती थीं अभिनेत्री

आलिया ने करीना का जवाब देते हुए ये साफ कर दिया कि उनका गायिका बनने का कोई इरादा नहीं है। जिगरा अभिनेत्री ने कहा, नहीं, बिल्कुल नहीं। वेदांग गा सकता है और वह वास्तव में बजाता भी है, इसलिए वह एक एल्बम बना सकता है। मैं अपने बाथरूम में गा सकती हूं और फिर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में कुछ लोगों की थोड़ी मदद से। इस पर करीना ने आगे पूछा, तो, आप कोई सिंगल नहीं बनाने जा रही हैं? इस पर जवाब देते हुए आलिया न कहा कि उनके पास एक बार इसे लेकर कुछ योजना थी, लेकिन वो बस वहीं खत्म हो गया।

## जेल ब्रेक पर आधारित है 'जिगरा'

बताते चलें कि आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा रिलीज हो गई है। फिल्म भाई और बहन के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित फिल्म है, जिसमें आलिया फिल्म में अपने भाई बने वेदांग को जेल से छुड़ाने की कोशिश करती नजर आती हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वसन बाला के निर्देशन में बनी फिल्म का आलिया ने करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन के साथ सह निर्माण किया है। फिल्म में आलिया के अभिनय को लेकर उनके फैंस सोशल मीडिया पर काफी तारीफ कर रहे हैं।



# अब बदल रहा शॉपिंग पैटर्न

ऑनलाइन शॉपिंग में वह मजा कहां, जो पूरे परिवार के साथ ऑफलाइन शॉपिंग में है। त्योहारी सीजन में गपशप करते हुए शॉपिंग का अपना मजा है। इससे तनाव भी कम होता है। बहुत से लोग खुशी और आनंद के लिए ऑफलाइन शॉपिंग करना पसंद करते हैं। ऑफलाइन शॉपिंग में आपने जो पसंद किया, उसे खरीद लाए। इससे संतुष्टि मिलती है, क्योंकि पसंद के सामान भरा बैग आपके हाथ में होता है। वहीं ऑनलाइन शॉपिंग में यह लगा रहता है कि पता नहीं जैसा दिख रहा था, वैसा होगा या नहीं। क्वालिटी का पता तभी चल पाता है, जब प्रोडक्ट आपके हाथ में होता है।

## ऑनलाइन नहीं ऑफलाइन खरीदारी में आ रहा मजा

*ऑफलाइन में प्रोडक्ट रिटर्न करना आसान है। एक्सचेंज अपने हिसाब से कर पाते हैं। ऑनलाइन में सामान वापसी में झंझट होता है। कुछ प्रोडक्ट जो बेहद पसंद आ जाते हैं, उनमें नो रिटर्न पॉलिसी होती है। ऐसे में समझ नहीं आता लें या न लें। ऑफलाइन शॉपिंग उनके लिए अच्छी है, जो इंटरनेट फ्रेंडली नहीं होते। ऑनलाइन शॉपिंग में बेहद सावधानी रखनी होती है।*

### कहीं नकली सामान न आ जाए



एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि बड़े पैमाने पर नकली सामान ऑनलाइन प्लेटफॉर्स पर बिक रहे हैं। इसमें टेक्सटाइल, गारमेंट सेक्टर और पर्सनल केयर में करोड़ों रुपए का अवैध बाजार है।

### ऑनलाइन शॉपिंग में बरतनी चाहिए ज्यादा सावधानी

वहीं जो लोग हाइब्रिड यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से ारीदारी करेंगे, वे यह ध्यान रखें कि ऑनलाइन खरीदारी में ठगे जाने की आशंका बनी रहती है। इतना ही नहीं कई बार हिडन चार्जेस लग जाते हैं। इसलिए जब भी ऑनलाइन शॉपिंग करें, कुछ बातों का ध्यान रखें। जैसे कि विश्वसनीय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से ही खरीदें। प्रोडक्ट का रिव्यू जरूर पढ़ें। इसके अलावा पेमेंट करते समय ध्यान रखें जेन्युइन मर्चेंट है या नहीं। एक और जरूरी बात यह कि ऑनलाइन शॉपिंग के लिए ऐसे अकाउंट का इस्तेमाल करें, जिसमें ज्यादा पैसे न हों। जरूरत भर का पैसा ही रखें।




### शहरी भारतीय करेंगे ऑफलाइन खरीदारी

इस फेस्टिव सीजन में छोटे-बड़े शहरों के बहुत से लोग ऑफलाइन खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। लोकल सर्किल्स के एक सर्वे में यह सामने आया है। सर्वे के मुताबिक इस त्योहारी सीजन 70 फीसदी शहरी भारतीय ऑफलाइन खरीदारी करने की तैयारी में हैं। सर्वे में देश भर के 342 जिले शामिल किए गए।

### शराब पीने के दौरान कलारी पर हुआ विवाद, पांच माह पहले भी हुआ था झगड़ा

# रंजिश में 8 लोगों ने लोहे की रॉड से किया हमला, 3 घायल, एक की हालत नाजुक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

परवलिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम झिरनिया कलारी के पास शुक्रवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते 8 लोगों ने एक ही परिवार के तीन लोगों पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में तीनों बुरी तरह जख्मी हुए हैं। तीनों को बैरसिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक ही हालत नाजुक होने के कारण उसे हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रयास व बलवा समेत अन्य धाराओं के तहत आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि ग्राम झिरनिया निवासी जितेन्द्र पाटीदार (28) और उनके परिवार के लोग खेती-किसानी करते हैं। करीब पांच माह पूर्व सितंबर माह में उनका गांव के ही किसान परिवार से विवाद हुआ था। उस समय झगड़ा होने पर पुलिस ने दोनों ओर से उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज किए थे। तभी से दोनों पक्षों के बीच रंजिश चल रही है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे जितेन्द्र पाटीदार और उसके परिवार के नीरज व दीपक गांव के पास कलारी पर शराब पीने गए थे। वहां पर दूसरे पक्ष के सत्तू उर्फ सत्यनारायण, हर्ष शर्मा, सागर मीना, रितिक मीना, रोहन उर्फ रंगा, कल्लू मीना, राहुल मीना और आशीष विश्वकर्मा भी कलार पहुंचे थे। पुरानी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर उक्त आरोपियों ने जितेन्द्र पाटीदार, नीरज व दीपक पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में जितेन्द्र, नीरज व दीपक तीनों बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को बैरसिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नीरज की हालत नाजुक होने की वजह से उसे हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि शेष दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।



### तोडफोड़-चाकूबाजी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** टीला जमालपुरा पुलिस ने इलाके में तोडफोड़, मारपीट और चाकूबाजी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने तीन दिनों के अंदर तीन लोगों के साथ मारपीट की थी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी। थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि राममंदिर के पास टीला जमालपुरा में रहने वाले राज शर्मा के साथ आरोपी आर्यन पंथी और उसके साथियों ने अड़ीबाजी करते हुए मारपीट की थी। इसी प्रकार संजय नगर शाहजहांनाबाद निवासी महेंद्र मालवीय के साथ भी मारपीट और चाकूबाजी की घटना हुई थी। राज शर्मा ने जब थाने में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया तो तीसरे दिन उसके साथ दोबारा से मारपीट की गई। बदमाशों द्वारा लगातार की जा रही आपराधिक घटनाओं के चलते एक विशेष टीम बनाकर उनकी धरपकड़ में लगाया गया था। पुलिस टीमों ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम आर्यन पंथी, अर्जुन सिंह, अभिषेक यादव, लक्की शर्मा, नितिन साहू, अमन सिंह और नीरज साहू बताए गए हैं। आरोपियों के पास वारदात में प्रयुक्त 2 स्कूटर, चाकू-छुरी और डंडे जब्त किए गए हैं।

### स्कूटी सवार बदमाशों ने दो दोस्तों से झूमाझटकी कर झपटा बैग

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित शंकर गार्डन इलाके में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे दो दोस्तों से झूमाझटकी कर स्कूटी सवार तीन बदमाश बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में मोबाइल फोन, 17 सौ रुपए नगद, कपड़े व दस्तावेज आदि सामान रखा था। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सुभाष कॉलोनी निवासी राकेश कोडले (45) विगत 30-31 जनवरी की दरमियानी रात अपने दोस्त रामजी पवार के साथ रेलवे स्टेशन की ओर पैदल जा रहे थे। रामजी पवार को बैतूल जाने के लिए स्टेशन से ट्रेन में सवार होना था। रात करीब डेढ़ बजे दोनों दोस्त शंकर गार्डन कॉलोनी के पास से गुजर रहे थे कि तभी स्कूटी पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने राकेश व रामजी के साथ झूमाझटकी कर उनका बैग छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने धक्का देकर उन्हें नीचे गिरा दिया और रामजी के हाथ से बैग छीनकर फरार हो गए। क्योंकि उस समय रामजी को ट्रेन में सवार होकर बैतूल जाना था इसलिए वह रिपोर्ट दर्ज कराने अशोका गार्डन नहीं पहुंचा। बल्कि 31 जनवरी की रात करीब 11 बजे रामजी का दोस्त राकेश कोडले थाने पहुंचा और अज्ञात स्कूटी सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज करा दिया। फिलहाल आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है।

# साइबर जालसाजों को मकान किराए पर दिया, मालिक पर एफआईआर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी पुलिस ने 5 सायबर जालसाजों को गिरफ्तार कर उनसे बीएमडब्ल्यू-एसयूवी, मोबाइल, सिमकार्ड, नोट गिनने की मशीन, बैंक पासबुक, चैकबुक समेत करीब 4 करोड़ रुपए का माल बरामद किया था। पुलिस ने उक्त मामले में मकान मालिक पर किराएदारों का ब्यौरा थाने में नहीं देने के कारण प्रकरण दर्ज किया है। उसे नोटिस पर छोड़ दिया गया, जबकि जालसाजों को सिम मुहैया कराने वाले आरोपी दुकानदार विनोद प्रजापति को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्त में आए पांचों जालसाज यहां भोपाल में रहकर दिल्ली, मुंबई और अन्य राज्यों के लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि अवधपुरी पुलिस ने रीगल टाउन के फ्लैट से पांच युवकों में यश सलूजा, अंशुल प्रियांश सिह, मयंक ठाकुर, अविनाश पांडे और सहजप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि वे जूम कार ऐप के माध्यम से लोगों के साथ ठगी कर रहे थे। उनके पास से महाराष्ट्र और राजस्थान पासिंग 2 बीएमडब्ल्यू, भोपाल पासिंग एक एसयूवी कार, 48 मोबाइल और टेबलेट, 37 एटीएम कार्ड, 8 पासबुक, 13 चैकबुक, 92 सिमकार्ड, 1 नोट गिनने की मशीन, 1 बारकोड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री समेत कुल करीब 4 करोड़ का माल जब्त हुआ। आरोपी जूम कार ऐप पर अपने फर्जी नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, बैंक अकाउंट और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के साथ ही गूगल से निकाले गए लग्जरी कार के फोटो अपलोड करते थे। इसके 3 दिन बाद कार की बुकिंग मिलनी शूरू हो जाती थी।


**सिम मुहैया कराने वाले दुकानदार को गिरफ्तार कर जेल भेजा**

# शराब पीकर ऑटो चलाने वाले 5 चालकों पर कार्रवाई




**भोपाल।** टीटी नगर पुलिस ने शराब पीकर आटो चलाने वाले पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आटो जब्त किए हैं। यह आटो चालक पुलिस द्वारा औचक चैकिंग के दौरान पकड़ाए। पकड़े गए एक आटो चालक के खिलाफ 3 स्थाई वारंट भी थे। पुलिस इस कार्रवाई से आटो चालकों के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ समय से शिकायतें मिल रही थी कि कुछ आटो चालक शराब पीकर वाहन चलाते हैं, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों में भय का माहौल बना रहता है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने आटो चालकों की चैकिंग करने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। टीटी नगर पुलिस ने एसआई सुनील सिंह भदौरिया और एसआई राघवेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में दो टीमें बनाकर चैकिंग के लिए भेजा। पुलिस टीमों ने रंगमहल चौराहा और काटजू अस्पताल के पास आटो चालकों को एकत्र किया और ब्रीथ एनालाइजर से उनकी चैकिंग कराई। इस दौरान पांच आटो चालक शराब के नशे में मिले, जिनके कारण कार्रवाई करते हुए उनके आटो भी जब्त कर लिए गए। यह आटो चालक चढ़े पुलिस के हत्थे चैकिंग के दौरान आटो चालक मुजीब खान निवासी अरेरा हिल्स, विक्रम मारन निवासी रातीबड़, भूपेंद्र विश्वकर्मा निवासी कोलार रोड, विकास विश्वकर्मा निवासी रातीबड़ और भूरा पाल उर्फ राधेश्याम निवासी रातीबड़ को शराब के नशे में आटो चलाते पकड़ा गया। आटो चालक मुजीब खान के खिलाफ थाना टीटी नगर में 2 और थाना जहांगीराबाद में एक स्थाई वारंट भी था, जिसकी तामीली कराई गई। पुलिस ने सभी आटो चालकों को आगे से शराब पीकर आटो नहीं चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई है।

# मिनीट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, भाई हुआ गंभीर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सिंघोड़ा मेन रोड पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार आयशर मिनीट्रक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां एक भाई की मौत हो गई जबकि बड़े भाई की हालत गंभीर है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से सुठालिया राजगढ़ निवासी हेमराज जोशी (43) प्राइवेट काम करते थे। शुक्रवार शाम वह बैरसिया में अपने रिश्तेदार से मिलकर घर लौट रहे थे। बड़े भाई नारायण जोशी भी उनके साथ थे। इस बीच ग्राम सिंघोड़ा स्थित मेन रोड पर सामने से आ रहे आयशर ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर हनुमान मंदिर के पीछे ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे की उसकी पहचान की जा सके। पुलिस ने मृतक का हुलिया आसपास के थानों और जिला पुलिस को भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि शारदा नगर, हनुमान मंदिर के पीछे रेलवे ट्रैक पर किसी युवक का शव पड़ा हुआ है।



# तुलसी टॉवर से गिरकर रिटायर्ड मिलिट्री इंजीनियर की पत्नी की मौत

**हाई बीपी, डिप्रेशन और फेयर एंजायटी की बीमारियों से थी परेशान**



टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित तुलसी टॉवर की चौथी मंजिल से गिरकर रिटायर्ड मिलिट्री इंजीनियरिंग की बीमार पत्नी की मौत हो गई। अनुमान है कि उन्होंने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। रविवार को परिजन के भोपाल पहुंचने पर उनका पीएम कराया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार तुलसी टॉवर फ्लैट नंबर-बी 401 निवासी 61 साल की अंकिता मंगल गृहणी थीं। उनके पति संजय मंगल मिलिट्री इंजीनियरिंग में सर्विस से वर्ष 2012 में रिटायर हुए हैं। इन दिनों उनका काम एमपी मेट्रो में के कॉन्ट्रैक्ट एक्सपर्ट के रूप में चल रहा है। चार-पांच माह से अंकिता मंगल का स्वास्थ्य खराब था। उन्हें हाई बीपी, डिप्रेशन और फेयर एंजायटी की बीमारियां थीं। इसी कारण वह तनाव में थी। अनुमान है कि उन्हें तनाव में आकर चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। उनके गिरने का एक सीसीटीवी फुटेज से वीडियो भी मिला हुआ है, जिसमें सुबह 8:38 बजे वह गिरती हुई नजर आई। अंकिता-संजय के दो बेटियां हैं। जिनमें से एक यूरोप में है और दूसरी गुडगांव में रही हैं।

**आधा घंटे बाद पहुंचे संजय तो बेसमेंट पड़ी थीं अंकिता**

पुलिस ने सीसीटीवी के फुटेज निकाले हैं। इसमें शनिवार सुबह 8:20 बजे संजय घर से निकलते हुए दिख रहे हैं। उनके घर से जाने के ठीक 18 मिनट बाद अनीता गिरते हुए सीसीटीवी में कैद हुई। करीब 8:40 बजे संजय तुलसी टॉवर पहुंचते हैं। वह दरवाजा खोलने के घंटी बजाते हैं, लेकिन दरवाजा नहीं खुलता है। वह पत्नी को देखने बेसमेंट में पहुंचते हैं। जहां, पत्नी खून से लतपथ पड़ी मिलती है। रविवार को अंकिता के शव का पीएम होगा।

**करीब पांच फीट उंची रेलिंग**

पुलिस ने बताया कि उनके फ्लैट की रेलिंग करीब पांच फीट ऊंची है। ऐसे में यह हादसा नहीं हो सकता। अंकिता ने रेलिंग पर चढकर नीचे कूदी होंगी। रेलिंग में बिना चढ़े नीचे गिरना संभव नहीं है।

### किसान से जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित सौम्या स्टेट कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर किसान ने गेहूं में रखने वाली कीटनाशक गोली खा ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां देर रात उनकी मौत हो गई। पुलिस को उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही मृत्युपूर्व बयान दर्ज नहीं होने से आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस के अनुसार सौम्या स्टेट कॉलोनी निवासी राजीव गिरी (52) की रायसेन जिले में खेती-किसानी है। परिवार में पत्नी और एक बेटा है। एक बेटी की शादी हो चुकी है। शुक्रवार दोपहर को खाना खाने के बाद राजीव ने गेहूं में रखने वाली कीटनाशक गोलियां खा लीं। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई।

**मेट्रो एंकर** आरोपी की मदद से बैंक में खुलवाया था खाता, फोन पे भी किया था इंस्टॉल

# बातचीत के बहाने मोबाइल मांगा, भाजपा कार्यकर्ता के खाते से ढाई लाख ट्रांसफर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दोस्त से बैंक में खाता खुलवाना और मोबाइल में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए फोन-पे एप स्टॉल कराना भाजपा कार्यकर्ता को महंगा पड़ गया। आरोपी दोस्त ने भाजपा कार्यकर्ता के खाते से दो लाख 31 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। बैंकिंग की जानकारी न होने के कारण कार्यकर्ता ने दोस्त की मदद से बैंक खाता खुलवाया था और उसी दोस्त से अपने मोबाइल में फोन-पे एप भी डाउनलोड करा लिया। आरोपी ने फोन-पे का पिन नंबर अपने पास सेव कर लिया और फिर बातचीत के बहाने कार्यकर्ता से उसका मोबाइल लेकर 5 महीने में दो लाख 31 हजार 250 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। छोला मंदिर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




पुलिस के अनुसार हनुमान मंदिर के पास छोला मंदिर निवासी नरेश श्रीवास (50) भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। उनके घर के पास ही टेंट हाउस संचालक तरुण कुशवाह रहता है। वह नरेश श्रीवास का पुराना दोस्त है। नरेश को बैंकिंग के संबंध में अधिक जानकारी नहीं है इसलिए उन्होंने तरुण कुशवाह की मदद से एसबीआई बैंक में खाता खुलवाया था।

खाता खुलवाने के बाद तरुण कुशवाह ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए नरेश श्रीवास के मोबाइल में फोन-पे एप डाउनलोड कर दिया और उसका पासवर्ड पिन नंबर अपने पास सेव कर लिया। इसके बाद पांच जुलाई 2024 से 26 दिसंबर 2024 के बीच तरुण ने अलग-अलग बार में बातचीत के बहाने फरियादी से उनका मोबाइल मांगा और फोन-पे के माध्यम से दो लाख 31 हजार अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। धोखाधड़ी का खुलासा उस समय हुआ जब फरियादी नरेश पिछले दिनों अब तक हुए ट्रांजेक्शन की इंट्री पासबुक में कराने बैंक पहुंचा। वहां पता चला कि उनके खाते में पैसे नहीं हैं। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर खुलासा हुआ कि उनके ही दोस्त तरुण ने फोन-पे के माध्यम से पैसा अपने खाते में ट्रांसफर किया है। सच्चाई सामने आने पर नरेश श्रीवास ने तरुण से अपने पैसे मांगे, पर वह लगातार टाल-मटौल करता रहा। परेशान होकर फरियादी ने छोला मंदिर थाने जाकर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी तरुण कुशवाह (27) निवासी छोला मंदिर को हिरासत में ले लिया है। आरोपी उक्त वारदात को अंजाम देना कुबूल कर लिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हार्टअटैक की आशंका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह खाना खा रहा था और एकाएक बेसुध हो गया। उसकी नाक और मुंह से खून आया था। उसका जीजा उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मूलतः नरसिंहपुर निवासी 25 साल का हेमलाल अहिरवार कोलार इलाके के ललिता नगर में अपने जीजा श्याम अहिरवार के साथ रहता था। दोनों शुक्रवार को कोलार इलाके में निर्माणाधीन मकान की साइट पर काम कर रहे थे। शाम करीब 4 बजे दोनों खाना खाने बैठे। हेमलाल को खाना खाते छोड़कर श्याम पानी लेने के लिए चले गए। वहां से लौटकर देखा तो हेमलाल जमीन पर पड़ा हुआ हुआ था। उसकी नाक से खून बह रहा था। उसने सिर्फ इतना ही कहा कि उसके सीने में दर्द हो रहा है। श्याम उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022